# अखण्ड भारत सन्देश

www.akhandbharatsandesh.net

प्रयागराज से प्रकाशित

नगर संस्करण प्रयागराज शनिवार, 2 जनवरी, 2021

विश्व निर्माण एवं मानव विकास को द्रुतगति प्रदान करने हेतु क्रियायोग आश्रम एवं अनुसंधान संस्थान की एक अनुपम भेंट


# देशभर में कोरोना वैक्सीन का ड्राई रन का आयोजन आज से शुरू

**भारत में जल्द कोरोना वैक्सीन के इस्तेमाल के मद्देनजर आज यानी 2 जनवरी से सभी राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों में ड्राई रन (पूर्वाभ्यास) आयोजित किया गया है।**




**नई दिल्ली, एएनआइ।** भारत में जल्द कोरोना वैक्सीन के इस्तेमाल के मद्देनजर आज यानी 2 जनवरी से सभी राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों में ड्राई रन (पूर्वाभ्यास) आयोजित किया गया है। देशभर के 116 जिलों के 259 जगहों पर इसका आयोजन हुआ है। बता दें कि इससे पहले चार राज्यों में टीकाकरण के तैयारियों का जायजा लेने के लिए ड्राई रन का भी आयोजन किया गया था। कुछ वक्त पहले गुजरात, असम, पंजाब और आंध्र प्रदेश में इसका आयोजन हुआ थाा। इस दौरान स्वास्थ्य कर्मियों के प्रशिक्षण, वैक्सीन को अलग-अलग जगहों पहुंचाने और उसके भंडारण की तैयारियों को परखा जाएगा।

मध्य प्रदेश की राजधानी भोपाल के गोविंदपुर के प्राथमिक अस्पताल में कोरोना वैक्सीन के ड्राई रन जारी है। एक आशा कार्यकर्ता ने बताया कि एक टीकाकरण होने के बाद, हमें यह सुनिश्चित करने के लिए कहा गया है कि अवलोकन कक्ष में 30 मिनट तक प्रतीक्षा करें, ताकि कोई साइड-इफेक्ट ना हो।

ओडिशा के भुवनेश्वर के कैपिटल अस्पताल में कोरोना टीकाकरण के ड्राई रन आयोजित किया गया है। पूरे राज्य में 31 स्थलों पर मॉक ड्रिल का आयोजन किया गया है। केरल की स्वास्थ्य मंत्री के.के. शैलजा ने राजधानी तिरुवनंतपुरम के पेरूकाडा के सरकारी अस्पताल में ड्राई रन का जायज लिया। उन्होंने इस दौरान कहा, 'ड्राई रन के लिए हमने केरल के 4 ज़िलों को चुना है। यहां पर सुबह 9 बजे ड्राई रन की प्रक्रिया शुरू हुई थी जो पूरी हो चुकी है।'

वहीं बेंगलुरु के कामाक्षीपलय में प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र में कोरोना टीकाकरण का ड्राई किया गया। 1,65,000 से अधिक स्वास्थ्य कर्मचारियों की पहचान की गई है। यह ड्राई रन टीकाकरण प्रक्रिया की योजना बनाने में सहयोग करेंगे।

## प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, सोनिया गांधी और राहुल गांधी समेत दिग्गजों ने बूटा सिंह के निधन पर जताया दुःख





**नई दिल्ली, एएनआइ।** दलितों के मसीहा बूटा सिंह के निधन पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, कांग्रेस नेता राहुल गांधी समेत दिग्गजों ने दुख जताया है। दुख जताते हुए प्रधानमंत्री मोदी ने ट्वीट किया। ट्वीट करते हुए उन्होंने लिखा कि 'श्री बूटा सिंह जी गरीबों के कल्याण के साथ-साथ दलितों के कल्याण के लिए एक अनुभवी प्रशासक और प्रभावी आवाज थे उनके निधन से मैं दुखी हूं. उनके परिवार और समर्थकों के प्रति मेरी संवेदना है'। वहीं कांग्रेस की नेता सोनिया गांधी ने भी बूटा सिंह के निधन पर जताया है। बूटा सिंह के बेटे पर फोन पर बातचीत करते हुए उन्होंने दुख जताया।

उधर, कांग्रेस नेता राहुल ने भी ट्वीट किया। उन्होंने लिखा,' 'सरदार बूटा सिंह जी के देहांत से देश ने एक सच्चा जनसेवक और निष्ठावान नेता खो दिया है। उन्होंने अपना पूरा जीवन देश की सेवा और जनता की भलाई के लिए समर्पित कर दिया, जिसके लिए उन्हें सदैव याद रखा जाएगा। इस मुश्किल समय में उनके परिवारजनों को मेरी संवेदनाएं'।

बता दें कि वरिष्ठ कांग्रेस नेता एवं केंद्र सरकार में विभिन्न पदों पर रह चुके बूटा सिंह का आज यानी 2 जनवरी की सुबह लंबी बीमारी के बाद निधन हो गया। 86 वर्षीय बूटा सिंह का राजधानी नई दिल्ली में निधन हुआ। उनका अंतिम संस्कार भी आज ही किया जाएगा। वर्ष 1934 जालंधर जिले में जन्मे बूटा सिंह राष्ट्रीय राजनीति का एक बड़ा नाम थे। वह आठ बार लोकसभा के लिए चुने गए थे।

## चीन की हर चाल पर रहेगी पैनी नजर

**पैंगोंग झील में पेट्रोलिंग के लिए सेना ने खरीदी हाई परफॉर्मेंस बोट**



**नई दिल्ली, एएनआइ।** चीन की चालबाजी से निपटने के लिए भारतीय सेना ने 12 हाई परफॉर्मेंस बोट खरीदे हैं। मई 2021 से इन बोट्स की डिलीवरी भी शुरू हो जाएगी। नौकाओं का संचालन और रखरखाव भारतीय सेना के इंजीनियर्स द्वारा किया जाएगा। हाल ही में चीन के साथ जारी तनाव के बीच पूर्वी लद्दाख में पैंगोंग झील की निगरानी के लिए यह खरीद की गई है। इस क्षेत्र में पिछले वर्ष मई से भारत और चीन आमने-सामने हैं।

इसके लिए सेना ने गोवा शिपयार्ड लिमिटेड के साथ करार पर हस्ताक्षर किए हैं। इसके तहत 12 पेट्रोलिंग बोट्स सेना को सौंपा जाएगा। सेना ने ट्वीट कर कहा है कि मई 2021 से नौका की आपूर्ति शुरू हो जाएगी। इन नौकाओं का इस्तेमाल गश्ती और निगरानी में किया जाएगा। गोवा शिपयार्ड लिमिटेड ने कहा है कि गुरुवार को उसने सेना के साथ विशेष गश्ती नौका की आपूर्ति के लिए करार किया है। इन नौकाओं में बल की जरूरतें पूरी करने के लिए विशेष उपकरण लगे होंगे। बता दें कि पैंगोंग झील की कुल लंबाई 134 किमी है और यह आठ फिंगर्स में विभाजित है। सर्दियों की शुरूआत के साथ ही झील जम जाती है। लिहाजा गर्मियों तक सेना नौकाओं को झील में तैनात कर देगी।

## UK से आने वाले सभी यात्रियों के लिए कोविड-19 टेस्ट होगा अनिवार्य : स्वास्थ्य मंत्रालय

**ब्रिटेन और भारत के बीच विमानों की आवाजाही 8 जनवरी से शुरू हो रही है। इसके तहत भारत के स्वास्थ्य मंत्रालय ने निर्देश जारी किया है और कहा है कि ब्रिटेन से आने वाले सभी यात्रियों को अपने खर्च से कोविड-19 का टेस्ट कराना अनिवार्य होगा।**

**नई दिल्ली, प्रेट्र।** 8 जनवरी से 30 जनवरी के बीच ब्रिटेन से आने वाले सभी यात्री को कोविड-19 टेस्ट कराना अनिवार्य होगा और इसके लिए भुगतान भी उन्हें स्वयं करना होगा। यह जानकारी स्वास्थ्य मंत्रालय द्वारा शनिवार को जारी की गयी। विमानन मंत्री हरदीप सिंह पुरी ने कहा, '6 जनवरी से भारत और ब्रिटेन के बीच उड़ानों की सेवाएं शुरू की जाएंगी जबकि ब्रिटेन से भारत आने वाली उड़ानों के लिए 8 जनवरी की तारीख निश्चित की गई है।' बता दें कि ब्रिटेन से आने वाले प्रत्येक यात्री को अपने साथ कोविड-19 की नेगेटिव रिपोर्ट लाना होगा और यह टेस्ट रिपोर्ट सफर से 72 घंटे पहले की होनी चाहिए। 23 दिसंबर से 31 दिसंबर तक भारत ने ब्रिटेन जाने और आने वाले विमानों पर रोक लगा दी थी जो बढ़ाकर 7 जनवरी तक कर दी गई। यह रोक कोरोना वायरस के नए स्ट्रेन से होने वाले संक्रमण को रोकने के लिए लगाई गई ।



8 जनवरी से दोबारा भारत-ब्रिटेन के बीच उड़ानों की आवाजाही शुरू हो रही है। हर सप्ताह भारत और ब्रिटेन के बीच केवल 30 उड़ानों का संचालन किया जाएगा। यह संचालन 23 जनवरी तक यूं ही जारी रहेगा। विमानन मंत्री हरदीप सिंह पुरी ने शुक्रवार को यह जानकारी दी।

SOP में कहा गया, 'एयरलाइनों को सफर करने वाले यात्रियों का नेगेटिव टेस्ट रिपोर्ट सुनिश्चित कराना होगा। साथ ही जो RT-PCR टेस्ट और इसके रिजल्ट का इंतजार करेंगे उनके लिए पर्याप्त इंतजाम करना होगा।' इसके अलावा कहा गया है कि पॉजिटिव आने वाले लोगों को तत्काल प्रभाव से आइसोलेट किया जाएगा। इसमें संबंधित राज्य के स्वास्थ्य अधिकारियों से मदद ली जाएगी।

ब्रिटेन में निकले वायरस के नए वैरिएंट का संक्रमण अब तक डेनमार्क, नीदरलैंड, ऑस्ट्रेलिया, इटली, स्वीडन, फ्रांस, स्पेन, स्विटजरलैंड, जर्मनी, कनाडा, जापान, लेबनान और सिंगापुर में फैल चुका है। निर्धारित अंतरराष्ट्रीय उड़ानों को 23 मार्च तक निरस्त किया गया है। हालांकि इस साल मई माह से वंदे भारत मिशन के तहत विशेष विमानों को आवाजाही जारी है। वहीं एयर बबल समझौते के तहत भारत ने ब्रिटेन समेत 24 देशों से डील की है।

## मणिपुर- नागालैंड सीमा पर दजुको रेंज की आग को बुझाने के लिए 3 और हेलीकॉप्टर लगाए गए



**इंफाल, एएनआइ।** मणिपुर-नागालैंड की सीमा पर स्थित दुजको रेंज के जंगलों में लगी आग को बुझाने के लिए तीन और हेलीकॉप्टर लगाए गए हैं। इससे पहले इस आग को बुझाने कि लए एमआई-17 वीएस हेलीकॉप्टर को लगाया गया था। इस दौरान सी -130 जे हरक्यूलिस विमान ने गुवाहाटी से दीमापुर तक 48 एनडीआरएफ कर्मियों के साथ 9 टन भार उठाया था। बता दें कि मणिपुर के मुख्यमंत्री एन बीरेन सिंह ने गृह मंत्री अमित शाह इसे बातचीत की थी। मुख्यमंत्री ने बताया कि गृह मंत्री ने घाटी में लगी आग को बुझाने के लिए सभी जरुरी सहायता प्रदान करने का आश्वसन दिया गया है। अपनी प्राकृतिक सुंदरता के लिए मशहूर मणिपुर-नागालैंड की सीमा पर स्थित दजुको रेंज की जंगलों में भीषण आग कई दिनों से लगी हुई है। मणिपुर के मुख्यमंत्री एन बीरेन सिंह ने इस आग के बारे में ट्वीट भी किया था। अपने ट्वीट में उन्होंने इस आग को बेहद दुभाग्यपूर्ण करार दिया था। आग इतनी भयानक है कि नागालैंड की राजधानी कोहिमा में भी यह पहुंच चुकी है। गौरतलब है कि मणिपुर सरकार ने गुरुवार को दजुको रेंज के जंगलों में मंगलवार को लगी आग को बुझान के लिए भारतीय सेना और NDRF की मदद मांगी थी। मणिपुर के मुख्यमंत्री बीरेन ने पहले सूचित किया था कि आग मणिपुर की सबसे ऊंची चोटी माउंट इएसएलआइ को पार कर चुकी है।

बता दें कि दजुकों घाटी की गिनती मणिपुर में सबसे सुंदर स्थानों में से एक के रूप में होती है। यह घाटी फूलों की घाटी के रूप में भी फेमस है। मीडिया रिपोर्ट के मुताबिक, इस आग से वहां की जैव विविधता को भारी नुकसान हुआ है।

## देश में बीते 24 घंटों में कोरोना के 20 हजार से कम मामले, रिकवरी रेट बढ़ा

**देश में कोरोना से अब तक 99 लाख से अधिक लोग रिकवर हुए। बीते 24 घंटों में देश में कोरोना के 19078 नए मामले सामने आए हैं। इस दौरान 224 लोगों की मौत हुई है। एक्टिव केस घटे।**



**नई दिल्ली, एएनआइ।** देश में कोरोना वायरस की स्थिति में लगातार सुधार हो रहा है। भारत में कोरोना से अब तक 99 लाख से अधिक लोग ठीक हो चुके हैं। इसके साथ ही देश में कोरोना के एक्टिव केस घटकर ढाई लाख के पास पहुंच गए हैं। केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्रालय के मुताबिक, देश में बीते 24 घंटों में कोरोना के 19,078 मामले सामने आए हैं। इस दौरान देश में कोरोना से 224 लोगों की मौत हुई है। केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्रालय के ताजा आंकड़ों के मुताबिक, देश में कोरोना के अब तक 1 करोड़ 3 लाख 5 हजार 788 मामले सामने आ चुके हैं। हालांकि, इसमें से 99 लाख से अधिक लोग ठीक हो चुके हैं। देश में कोरोना से अब तक कुल 99 लाख 6 हजार 387 लोग ठीक हो चुके हैं। भारत में कोरोना के एक्टिव केस घटकर 2 लाख 50 हजार 183 तक पहुंच गए हैं। देश में कोरोना से अब तक 1 लाख 49 हजार 218 लोगों की मौत हो चुकी है। देश में कोरोना से ठीक होने वाले मरीजों की संख्या लगातार बढ़ रही है। बीते 24 घंटों में देशभर में कोरोना से 22,926 लोग ठीक हुए। इससे रिकवरी दर बढ़कर 96.12% हो गई है। कोरोना के एक्टिव केस की बात करें तो बीते 24 घंटों में देश में 4,071 सक्रिय मामले कम हुए। भारत की कोरोना मृत्यु दर फिलहाल 1.45% है।

देश में कोरोना की जांच का आंकड़ा भी बढ़ रहा है। देश में करीब 17 करोड़ से ज्यादा सैंपलों की कोरोना जांच की जा चुकी है। भारतीय चिकित्सा अनुसंधान परिषद की तरफ से जारी आंकड़ों के मुताबिक, देश में शुक्रवार (1 जनवरी) तक 17,39,41,658 सैंपलों की जांच हो चुकी है, जिनमें से 8,29,964 टेस्ट कल किए गए हैं।

## अब एक मिस्ड कॉल से हो जाएगी इंडेन सिलेंडर की बुकिंग



**नई दिल्ली, प्रेट्र।** इंडियन ऑयल कॉरपोरेशन के इंडेन गैस सिलेंडर की बुकिंग अब ग्राहक महज एक मिस्ड कॉल देकर करा सकते हैं। यह सुविधा शुक्रवार को लांच कर दी गई है। नए गैस सिलेंडर के लिए इंडेन के ग्राहकों को 8454955555 पर मिस्ड कॉल करना होगा और गैस सिलेंडर उनके घर पर पहुंचा दिया जाएगा। केंद्रीय पेट्रोलियम मंत्री धमेंद्र प्रधान ने इसकी शुरूआत भुवनेश्वर में एक कार्यक्रम के दौरान की। मिस्ड कॉल की सुविधा से गैस बुकिंग और आसान हो जाएगी। ग्राहकों को नॉर्मल कॉल में लगने वाले शुल्क से भी बचत होगी। नई सुविधा से खासतौर पर सुदूर ग्रामीण क्षेत्रों में रहने वाले लोगों को सहूलियत मिलेगी। इससे समय की बचत भी होगी। भुवनेश्वर में शुरू हुई यह योजना जल्द ही पूरे देश में लागू हो जाएगी। लांचिंग के अवसर पर प्रधान ने गैस सिलेंडर वितरकों को निर्देश दिया कि वे सिलेंडर की आपूर्ति कुछ घंटे में ही करने का प्रयत्न करें। इस अवसर पर प्रधान ने वैश्विक स्तर के ऑक्टेन 100 पेट्रोल के इंडियन ऑयल वैरिएंट एक्सपी100 का दूसरा चरण भी शुरू किया।

## भारत ने चीन से कहा- अपने पोर्ट पर फंसे 39 भारतीयों की तत्काल मदद करे

**नई दिल्ली, जेएनएन।** भारत ने चीन से उसके बंदरगाहों के पास महीनों से अटके पड़े दो जहाजों में फंसे भारतीय नाविकों को समयबद्ध तरीके से तत्काल मदद पहुंचाने का आग्रह किया है। दो मालवाहक जहाजों पर 39 भारतीय नाविक फंसे हैं।विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता अनुराग श्रीवास्तव ने कहा है कि भारत की बल्क कार्गो वेसल कंपनी ग्रेट ईस्टर्न शिपिंग का जहाज जग आनंद चीन के जिंगतांग पोर्ट के पास 13 जून, 2020 से ही लंगर डाले हुए है। इसमें 23 भारतीय नाविक हैं, जबकि एमवी एनेसतिसिया नाम का दूसरा जहाज चीन के कोफेडियां पोर्ट के पास 20 सितंबर, 2020 से इंतजार कर रहा है। इसमें भी 16 भारतीय नाविक हैं। इन दोनो जहाजों को कई वजहों से कार्गो उतारने की अनुमति नहीं मिल रही है। लंबा समय बीत जाने की वजह से जहाजकर्मियों के बीच काफी ज्यादा निराशा है और वे काफी कठिन समय में हैं। भारत सरकार हर स्तर पर चीन के साथ संपर्क में है कि इन दोनों जहाजों को वहां कार्गो सेवा देने की अनुमति मिले और जब तक ऐसी व्यवस्था नहीं होंती है।

## दिल्ली-NCR के कुछ इलाकों में हल्की बारिश दर्ज

**2021 साल के दूसरे दिन यानी 2 जनवरी को दिल्ली-एनसीआर के कुछ इलाकों में सुबह-सुबह हल्की बारिश दर्ज की गई है प्रत्येक दिन बदल रहे मौसम में बारिश के अलर्ट के बाद ठंड और बढ़ेगी वहीं अभी शीतलहर से भी राहत नहीं मिलेगी।**




**नई दिल्ली जेएनएन।** साल के दूसरे दिन यानी 2 जनवरी को दिल्ली-एनसीआर के कुछ इलाकों में सुबह-सुबह हल्की बारिश दर्ज की गई है। मौसम की ताजा जानकारी के मुताबिक, अगले 2 घंटे में हरियाणा के झज्जर, रोहतक, जींद, पानपीत, कैथल और उत्तर प्रदेश के शामली, देवबंद सहारनपुर के कुछ हिस्सों में बारिश हो सकती है। प्रत्येक दिन मौसम में बदलाव हो रहे हैं। ठंड के बीच हो रही बारिश ने मौसम में बड़ा बदलाव किया। बीते दिन ही मौसम विभाग ने अलर्ट जारी करते हुए कहा था कि 2 जनवरी तक दिल्ली समेत उत्तर भारत के ज्यादातर राज्यों में शीतलहर कुछ दिनों तक जारी रहेगा। पिछले कई दिनों से यूपी, दिल्ली, पंजाब, हरियाणा समेत ज्यादातर राज्यों में सुबह के वक्त घना कोहरा दर्ज किया जा रहा है। जिसके चलते लोगों को काफी दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है। स्काईमेट' के मुताबिक, 2 जनवरी को एक सक्रिय पश्चिमी विक्षोभ उत्तर भारत के पहाड़ों पर पहुंचेगा। इसकी वजह से मैदानी इलाकों पर एक चक्रवाती हवाओं का क्षेत्र सक्रिय होगा। इन दोनों सिस्टमों के कारण उत्तर भारत के पहाड़ों से लेकर मैदानी राज्यों तक हवाओं के रुख में बदलाव होगा जिससे गिरते तापमान में ब्रेक लग सकती है और कुछ शहरों में बारिश भी हो सकती है।

मौसम विभाग के वैज्ञानिकों का कहना है कि उत्तर भारत के पहाड़ों से होकर आने वाली बफीर्ली हवाओं के कारण शीतलहर का प्रकोप उत्तर भारत के मैदानी राज्यों में बढ़ता जा रहा है और कड़ाके की सर्दी का कई शहरों में नया रिकॉर्ड कायम हो रहा है। प्रत्येक दिन देश के कई राज्यों में तापमान - भी पुहंच रहा है। कोहरे की वजह से सूरज की रौशनी भी धरती पर पूरी तरह नहीं पड़ पा रही है, जिससे कंपकंपी बढ़ रही है।

बढ़ती ठंड ते चलते देश के ज्यादातर राज्यों में न्यूनतम तापमान में लगातार गिरावट दर्ज की जा रही है। हरियाणा के हिसार में तो -1.2 डिग्री,तो नारनौल में -0.6 तक पारा लुढ़क गया। वहीं पंजाब के भटिंडा में गुरुवार को 0.0 डिग्री तक तापमान पहुंचा।

## 4 जनवरी की बैठक से पहले किसानों का मंथन

**नई दिल्ली, एजेंसी।** नए कृषि कानूनों के खिलाफ दिल्ली बॉर्डर पर किसान प्रदर्शन कर रहे हैं। केंद्र सरकार के साथ 4 जनवरी को होने वाली आठवें दौर की बातचीत से पहले शुक्रवार को किसान संगठनों की अहम बैठक हुई। इसमें किसान आगे की रणनीति पर चर्चा हुई। किसान नेताओं ने कहा कि अगर इस बैठक में हल नहीं निकला, बातचीत सही दिशा में नहीं गई और सरकार ने हमारे पक्ष में ठोस फैसला नहीं लिया तो हम हरियाणा में मॉल और पेट्रोल पंप बंद करेंगे। इसके अलावा 6 जनवरी को हम ट्रैक्टर मार्च निकालेंगे और हरियाणा-राजस्थान बॉर्डर पर बैठे किसान दिल्ली की तरफ कूच करेंगे। किसान मजदूर संघर्ष कमेटी के सुखविंदर सिंह सभरा ने बताया कि तीनों कृषि कानून रद्द होने चाहिए। अगर 4 जनवरी को भी इसका कोई हल नहीं निकलता है, तो आने वाले दिनों में संघर्ष और तेज होगा। दिल्ली का चिल्ला और गाजीपुर बॉर्डर बंद कर दिया गया है। ट्रैफिक पुलिस के मुताबिक, आंदोलन को देखते हुए नोएडा और गाजियाबाद से आने वाले ट्रैफिक के लिए बॉर्डर को बंद कर दिया गया है।